# कक्षा 12 वीं

## विषय - हिन्दी

### अर्द्धवार्षिक परीक्षा- 2026-27

---

**प्रश्नों की संख्या - 23** | **कुल प्रिंटेड पेज - 04**

**समय - 03 घण्टे** | **पूर्णांक - 80**

**निर्देश-**

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्र. 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है (कुल अंक 32)।
3. प्रश्न क्र. 06 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक आवंटित है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए।
4. प्रश्न क्र. 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक आवंटित है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए।
5. प्रश्न क्र. 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक आवंटित है। प्रत्येक उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए।

**प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए- [1×6=6]**

1. अतीत में दबे पाँव रचना किस रूप में लिखी है-

अ. जीवनी और संस्मरण में | ब. आत्मकथा और डायरी रूप में

स. संस्मरण और रेखाचित्र रूप में | द. यात्रावृत्तांत और रेखाचित्र रूप में

2. 'अब मुस्कुराएँगे हम' पंक्ति में 'हम' हैं-

अ. कवि | ब. अपाहिज

स. दर्शक | द. दूरदर्शन

3. कहानी का पहला तत्त्व किसे माना जाता है-

अ. कथानक को | ब. कथोपथन

स. चरित्र-चित्रण को | द. भाषा शैली को

4. जूझ उपन्यास मूलतः किस भाषा में लिखा गया है-

अ. हिन्दी | ब. अंग्रेजी

स. मराठी | द. गुजराती

5. 'धूत कहौ अवधूत कहौ' किसकी पंक्ति है-

अ. फिराक गोरखपुरी | ब. शमशेर बहादुर सिंह

स. तुलसीदास | द. मनोहर श्याम जोशी

6. टी.वी. पर प्रसारित खबरों में सबसे महत्त्वपूर्ण है-

अ. विजुअल | ब. नेट

स. बाइट | द. उपर्युक्त सभी

**प्र.2 रिक्त स्थानों में उचित शब्द चयन कर लिखिए- [1×7=7]**

1. बच्चे ........................ में होंगे। (प्रत्याशा / निराशा)
2. जिन छंदों में मात्राओं की गणना की जाती है वे ........................ छंद हैं। (वर्णिक / मात्रिक)
3. प्रेममार्गी शाखा के कवि ........................ हैं। (जायसी / नन्ददास)
4. महादेवी वर्मा की रचना ........................ है। (नीहार / मधुशाला)
5. रचना के आधार पर वाक्य के ........................ भेद हैं। (आठ / तीन)
6. होम का तद्भव शब्द ........................ है। (छोड़ / क्षेम)
7. जब उषा का जादू टूटता है तब ........................ होता है। (सूर्योदय / सूर्यास्त)

**प्र.3 सही जोड़ी बनाकर लिखिए- [1×6=6]**

1. बात की चूड़ी मर जाना — क. सवैया छंद
2. आरोह-अवरोह — ख. बात का प्रभावहीन हो जाना
3. महाकाव्य — ग. स्वर को भावानुसार कम या ज्यादा करना
4. ड्रेसिंग गाउन — घ. सर्वोत्कृष्ट रचना
5. संचारी भावों की संख्या — ङ. सिल्वर वेडिंग
6. चौपाई — च. 33

**प्र.4 एक शब्द / वाक्य में उत्तर लिखिए- [1×6=6]**

1. किशोरों की टोली पानी दे मैया कहकर किस सेना के आने की सूचना देती है?
2. शब्दगुण कितने प्रकार के होते हैं?
3. 'अपना उल्लू सीधा करना' मुहावरे का क्या अर्थ है?
4. चौपाई छंद में कितनी मात्राएँ होती हैं?
5. 'परचेजिंग पावर' का अर्थ क्या होता है?
6. पहलवान लूटन सिंह के कितने पुत्र थे?

**प्र.5 सत्य / असत्य कथन लिखिए- [1×6=6]**

1. 'प्रिया बहुत बातूनी है' में बातूनी शब्द क्रिया-विशेषण है।
2. भक्तिन के आ जाने से महादेवी वर्मा अधिक देहाती हो जाती हैं।
3. कहानी का नाटक रूपान्तरण असंभव है।
4. दत्ताजी राव गाँव के जमींदार थे।
5. गद्य साहित्य की विधाओं को चार प्रमुख वर्गों में बाँटा है।
6. ज्ञानमार्गी शाखा के कवि जायसी हैं।

**प्र.6 जहाँ पर दाना रहते हैं वहीं नादान भी होते हैं, कवि ने ऐसा क्यों कहा है? [2]**

**अथवा**

**भक्तिन के चरित्र की दो विशेषताएँ लिखिए।**

**प्र.7 विशेषण किसे कहते हैं? कोई दो उदाहरण दीजिए। [2]**

**अथवा**

**प्रगतिवाद की दो विशेषताएँ लिखिए।**

**प्र.8 करुण रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। [2]**

**अथवा**

**छायावाद के प्रमुख चार स्तंभों के नाम लिखिए।**

**प्र.9 नई कविता के दो कवि और उनकी एक-एक रचना लिखिए। [2]**

**अथवा**

**'शीतल वाणी में आग' के होने से क्या आशय है?**

**प्र.10 संदेह अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। [2]**

**अथवा**

**सूर्योदय से पहले आकाश में क्या-क्या परिवर्तन होते हैं?**

**प्र.11 सवैया छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। [2]**

**अथवा**

**लक्षणा शब्द शक्ति की परिभाषा लिखिए।**

**प्र.12 अखबार, रेडियो, टी.वी. और इण्टरनेट में मुख्य अन्तर क्या है? [2]**

**अथवा**

**डैडलाइन किसे कहते हैं?**

**प्र.13 बाजार जाते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? [2]**

**अथवा**

**निपात शब्द किसे कहते हैं? दो निपात शब्द लिखिए।**

**प्र.14 निबंध किसे कहते हैं? भेद सहित लिखिए। [2]**

**अथवा**

**द्विवेदी युग के निबंध की तीन विशेषताएँ लिखिए।**

**प्र.15 कहानी और उपन्यास में दो अंतर लिखिए। [2]**

**अथवा**

**नाटक के तत्त्व लिखिए।**

**प्र.16 निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कुँवर नारायण अथवा रघुवीर सहाय का साहित्यिक परिचय लिखिए- [3]**

1. दो रचनाएँ    2. कलापक्ष    3. साहित्य में स्थान

**अथवा**

**निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर धर्मवीर भारती अथवा फणीश्वर नाथ रेणु का साहित्यिक परिचय लिखिए-**

1. दो रचनाएँ    2. भाषा शैली    3. साहित्य में स्थान

**प्र.17 उपन्यास किसे कहते हैं? किसी एक उपन्यास व उपन्यासकार का नाम लिखिए। [3]**

**अथवा**

**राजभाषा और राष्ट्रभाषा में तीन अंतर लिखिए।**

**प्र.18 निम्नलिखित अपठित गद्यांश / काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए- [3]**

"राष्ट्रीय भावना में शौर्य भाव का अपना विशिष्ट स्थान है। राष्ट्र गौरव का वरदान और उसकी रक्षा का प्रकार भाव जिस रूप में व्यक्त होता है, उस वीर भाव को शौर्य के अन्तर्गत गिना जाता है। शौर्य का भाव आत्मगौरव से परिपूर्ण होता है। हिन्दी कविता के सुदीर्घ इतिहास में इस भाव की प्रतिष्ठा प्रायः सभी युगों में होती रही है।"

1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।
2. राष्ट्रीय भावना में किसका विशिष्ट स्थान है?
3. 'सुदीर्घ' शब्द का अर्थ लिखिए।

**अथवा**

"तुम हो धरती के पुत्र न हिम्मत हारो
श्रम की पूँजी से अपना काज सँवारो
श्रम की सीढ़ी से ही वैभव पलता है
मिट जाता है दैन्य स्वयं क्षण में
छा जाती है नव दीप्ति धरा के कण में"

1. प्रस्तुत काव्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए।
2. प्रस्तुत काव्यांश का शीर्षक लिखिए।
3. कवि ने किस पूँजी से अपने बिगड़े कार्य सँवारने की बात कही है?

**प्र.19 निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ तथा सौन्दर्य बोध सहित लिखिए- [4]**

"नील जल में या किसी की गौर झिलमिल देह
जैसे हिल रही हो...
जादू टूटता है इस उषा का अब सूर्योदय हो रहा है।"

**अथवा**

"हम दूरदर्शन पर बोलेंगे
हम समर्थ शक्तिवान
हम एक दुर्बल को लाएंगे
तो आप क्यों अपाहिज हैं?"

**प्र.20 निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या संदर्भ-प्रसंग एवं विशेष सहित लिखिए- [4]**

"मैं असमय में या तो इन्ही मेढ़क मंडली वालों की उमर का था पर कुछ तो बचपन के आर्यसमाजी संस्कार थे और एक कुमार सुधार सभा कायम हुई थी उसका उपमंत्री बना दिया गया था, सो समाज सुधार का जोश कुछ ज्यादा ही था। अंधविश्वासों के खिलाफ तो तरकश में तीर रख कर घूमता रहता था। मगर मुश्किल यह थी कि मुझे अपने बचपन में जिससे सबसे ज्यादा प्यार मिला था, वे थीं जीजी। यू रिश्ते में कोई नहीं थीं, उम्र में मेरी माँ से बड़ी थीं।"

**अथवा**

"फूलों की कोमलता देखकर परवर्ती कवियों ने समझा कि उसका सब कुछ कोमल है। यह भूल है। इसके फल इतने मजबूत होते हैं, कि नए फूलों के निकल आने पर भी स्थान नहीं छोड़ते हैं। जब तक नए फल पत्ते मिलकर, धकियाकर उन्हें बाहर नहीं कर देते तब तक वे डटे रहते हैं। वसंत के आगमन के समय जब सारी वनस्थली पुष्प-पत्र से मर्मरित होती रहती है।"

**प्र.21 परीक्षा काल में ध्वनि विस्तारक यंत्र के प्रयोग पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु जिलाधीश को प्रार्थना पत्र लिखिए। [4]**

**अथवा**

**वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए।**

**प्र.22 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित निबंध लिखिए- [4]**

1. साहित्य और समाज
2. भारतीय पर्वों का आनन्द
3. समय का महत्त्व
4. विद्यार्थी जीवन और खेल
5. कम्प्यूटर आज के जीवन की आवश्यकता

https://rajeshsir.co.in